झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (विविध)–04 / 2023 – 285

प्रेषक,

**शबनम परवीन**
सदस्य,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 25.4.2023

विषयः– **C–1 India Pvt. Ltd. द्वारा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा निविदा प्रक्रिया में अनियमितता करने संबंधी प्राप्त परिवाद पत्र पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि श्री जितेन्द्र कुमार दुबे, मेसर्स बालाजी इन्टरप्राईजेज, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची एवं M/S अमीत कुमार सिंह का परिवाद पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। दोनों आवेदक द्वारा C–1 India Pvt. Ltd. के विरूद्ध विभाग द्वारा डोर स्टेप डिलीवरी हेतु निकाले गये Tender में तकनिकी मूल्यांकन के लिए पैसे की मांग किये जाने तथा Tender प्रक्रिया को अनावश्यक विलंब करने का आरोप लगाया गया है। श्री जितेन्द्र कुमार दुबे द्वारा JSFC और निदेशालय के अधिकारियों की भी इसमें संलिप्तता का आरोप लगाते हुए इस Tender प्रक्रिया की जांच विभाग के किसी अधिकारी की देख–रेख में करवाने एवं C–1 India Pvt. Ltd. द्वारा अबतक किये गये निविदा के मामलों की भी जांच कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

जन वितरण प्रणाली की रीढ़ DSD है। DSD के चयन में अनियमितता से PDS के लाभुकों को उनके अहर्त्ता के अनुरूप खाद्यान्न मिलना संभव नहीं होगा। अतः परिवाद पत्रों की प्रति पत्र के साथ संलग्न करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

**अनु0–दो आवेदन।**

विश्वासभाजन

Sd/- 25.4.23

(शबनम परवीन)
सदस्य,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx389

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

Mo. No.- 7349925454 Date- 21-04-2023

# M/S. Amit Kr. Singh

JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLY CORPORATION LTD.
SHANKAR NAGAR, BARMASIA, DHANBAD - 826001 (Jharkhand)
Mob 9572335454 9572455454

24.4.23

Ref No 24/4/23

सेवा में,

Date
दिनांक : 21.04.2023

सचिव महोदय,
खाद्य आपूर्ति विभाग,
राँची।

विषय :- **सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** के द्वारा निविदा प्रक्रिया में अनियमितता करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

सादर पूर्वक कहना है कि सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दो माह से भी अधिक दिनों पहले डोर स्टेप डिलेवरी का टेण्डर निकाला गया था। दो महिनों से भी अधिक समय बितने के बाद भी अभी तक तकनिकी मूल्यांकन नहीं किया गया है। विभाग द्वारा सभी प्रकार के टेण्डर सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा ही करवाया जाता है और जहां तक मेरी जानकारी है कि सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा तकनिकी मूल्यांकन से पूर्व पैसों की मांग की जाती है। जब तक कुछ लोग पेसा नहीं दे देते हैं तब तक उस टेण्डर का तकनिकी मूल्यांकन नहीं किया जाता है। सभी मामलों में इसी प्रकार की कार्रवाई की जाती है। इसलिये टेण्डर प्रक्रिया में अनावश्यक विलम्ब होता है।

पिछली बार मैंने JSFC ट्रांसपोर्ट एंड हैंडलिंग सर्विसेज टेंडर के लिए 10,000 रुपये जमा किए था, लेकिन पुराने इंटरनेट एक्सप्लोर का उपयोग करने वाले सॉफ़्टवेयर की समस्या और झारखंड में सी-1 इंडिया के कार्यालय की अनुपलब्धता के कारण मेरा टेंडर नहीं भरा गया था।और इसी कारण से मैंने इसबार भी डोर स्टेप डिलीवरी टेण्डर मे भाग नहीं ले पाया।

टेण्डर से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये टेण्डर निविदा में दिये गये नम्बर पर फोन करने पर सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों (अभिषेक तिवारी) द्वारा फोन भी नहीं उठाया जाता है जहां तक मुझे जानकारी है कि इस एजेंसी द्वारा टेण्डर में कुछ लोगों से भी टेण्डर डलवाया जाता है।

अतः सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अब तक किये गये निविदा के मामलों का भी किसी ईमानदार विभाग के अधिकारीयों से जांच कराया जाये।

आपका विश्वासी,
21/4/23

Mo.No.- 9431141443 Date-20-04-2023 complaint no.-
WA/ (8)

# M/s. BALAJEE ENTERPRISES

Office Add: Harmu Housing Colony, House No. R/10, Harmu, Ranchi – 834001, Jharkhand
Email id – jitendraaba@gmail.com, Mobile No. – 9708100034

M.S
20.4.23

20/4/23

श्री विनोद
20/04/23

12
20.4.23

सेवा में,
सचिव महोदय,
खाद्य आपूर्ति विभाग,
प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा,
राँची।

दिनांक:– 18.04.2023

विषय :– **C-1 India Pvt. Ltd.** द्वारा खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा निविदा प्रक्रिया में अनियमिता करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

सादर पूर्वक कहना है कि C-1 India Pvt. Ltd. द्वारा विभाग के सभी निविदा के लिए चयन किया गया है। दो माह से भी अधिक दिनों पहले डोर स्टेप डिलेवरी का टेण्डर निकाला गया था। मैं भी एक जिला का प्रतिभागी हूँ। (मेरे अपनों द्वारा टेण्डर डाला गया है) दो महिनों से भी अधिक समय बितने के बाद भी अभी तक तकनिकी मूल्यांकन नहीं किया गया है। C-1 India Pvt. Ltd. के द्वारा तकनिकी मूल्यांकन से पूर्व पैसों की मांग की जाती है। जब तक कुछ लोग पेसा नहीं दे देते हैं तब तक उस टेण्डर का तकनिकी मूल्यांकन नहीं किया जाता है। विभाग द्वारा सभी प्रकार के टेण्डर C-1 India Pvt. Ltd. के द्वारा ही करवाया जाता है और जहां तक मेरी जानकारी है कि सभी मामलों में इसी प्रकार की कार्रवाई की जाती है। इसलिये टेण्डर प्रक्रिया में अनावश्यक विलम्ब होता है।

जे0एस0एफ0सी0 और निदेशालय के अधिकारियों का C-1 India Pvt. Ltd. के इस कुकृत्य में भरपुर सहयोग रहता है।

टेण्डर से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये टेण्डर निविदा में दिये गये नम्बर पर फोन करने पर C-1 India Pvt. Ltd. के अधिकारियों द्वारा

(7)

# M/s. BALAJEE ENTERPRISES

Office Add: Harmu Housing Colony, House No. R/10, Harmu, Ranchi – 834001, Jharkhand
Email id – jitendraaba@gmail.com, Mobile No. – 9708100034

फोन भी नहीं उठाया जाता है जिससे तकनिकी मामलों के निष्पादन से संबंधित जानकारी भी हमलोगों को नहीं मिल पाती है।

जहां तक मुझे जानकारी है कि इस एजेंसी द्वारा टेण्डर में कुछ लोगों से भी टेण्डर डलवाया जाता है।

अतः अनुरोध है कि डोर स्टेप डिलेवरी के निविदा के प्रक्रिया को विभाग के किसी अधिकारी के देख–रेख में जल्द से जल्द करवाने की कृपा की जाय। साथ ही C-1 India Pvt. Ltd. द्वारा अब तक किये गये निविदा के मामलों का भी किसी ईमानदार विभाग के अधिकारीयों से जांच कराया जाये।

आपका विश्वासी,
मेसर्स बालाजी इन्टरप्राईजेज

Jitendra

जितेन्द्र कुमार दुबे
(प्रोपराईटर)

प्रतिलिपि :–अध्यक्ष, राज्य खाद्य आयोग, टेण्डर प्रक्रिया में निविदादाता अगर पैसे देंगे तो खाद्य सामग्री की चोरी भी करेंगे और इससे लाभुकों को अनाज कम मिलेगा। इसलिये अनुरोध है कि अपने स्तर से भी निविदा को स्वच्छ करने हेतु कार्रवाई करने की कृपा की जाय।